तापमान
अधिकतम 38 .1 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

12 यहां रक्त देने वाले लाइनें लगाकर तैयार, 233 ने किया



12 रोटरी क्लब ने 28 जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग



खबर संक्षेप

बैंक कर्मचारी बन व्यक्ति से ठगे एक लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने पंजाब एंड सिंध बैंक का कर्मचारी बनकर शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी आनंद कुमार जैन से एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। आरोपी ने पीएसबी पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बैंक खाते की जानकारी और ओटीपी हासिल किया और इसके बाद खाते से रकम निकाल ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आनंद कुमार जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया। आरोपी ने खुद को पंजाब एंड सिंध बैंक का कर्मचारी बताया और उसे पीएसबी पेंशन कार्ड बनवाने की बात कही। आरोपी ने प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उससे बैंक खाते से संबंधित जानकारी मांगी।

व्यक्ति के अकाउंट से निकाले 97 हजार रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने एक्सिस बैंक का कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी व ओटीपी हासिल शिवपुरी कॉलोनी निवासी तुषिंद्र कुमार से अकाउंट से 97 हजार रुपये निकाल लिए गए। जब तुषिंद्र को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कार्ड बदलकर अकाउंट से निकाले 1.95 लाख

यमुनानगर। शहर के पुराना हमीदा निवासी अनीश अहमद का एटीएम कार्ड बदलकर अज्ञात व्यक्ति ने उसके अकाउंट से एक लाख 95 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने यह रकम तीन अक्तूबर से पांच अक्तूबर के बीच अलग-अलग एटीएम का प्रयोग कर निकाली है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी 61 वर्षीय अनीश अहमद ने बताया कि उसने पैसों के लेन देन के लिए बैंक से एटीएम लिया हुआ है। तीन अक्तूबर को उसे पैसों की जरूरत थी। वह सुबह 11 बजे एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सिविल अस्पताल मे एसपीओ से मारपीट

पानीपत। सिविल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एसपीओ लीलूराम से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने ऑटो चालक महेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि शवगृह के बाहर रास्ते में ऑटो खड़ा कर नशे में सो रहे चालक को हटने के लिए कहने पर उसने विवाद किया और इमरजेंसी वार्ड में चला गया। बाद में चालक एक महिला के साथ पुलिस पोस्ट पहुंचा और एसपीओ को थप्पड़ मारकर मारपीट की। इस दौरान एसपीओ की वर्दी भी फट गई और पोस्ट इंचार्ज जितेंद्र कुमार से भी हाथापाई हुई। सूचना पर एसनपी मेधा भूषण अस्पताल पहुंचीं और कार्रवाई के निर्देश दिए।

चरस के साथ पकड़े आरोपी को 12 साल की सजा

पानीपत। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट योगेश चौधरी की अदालत ने 2 किलो चरस तस्करी के मामले में अमित उर्फ मिट्ठा निवासी रसूलपुर टांगया, हरिद्वार को 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 2 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। आरोपी को जून 2021 में सीआईए 2 पुलिस ने सनौली रोड पर नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर की बाइक से गिरफ्तार किया था।

गांव ब्राह्मण माजरा में महिलाओं से मारपीट का मामला

चार माह बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई न होने से भड़के एससी समाज के लोग

एसपी ने सात दिन के भीतर मामले में कार्रवाई का दिया आश्वासन, प्रदर्शनकारी बोले, कार्रवाई न हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। एसपी से मुलाकात करते अनुसूचित जाति के लोग। फोटो : हरिभूमि

- प्रदर्शनकारियों का कहना है कि दो जून को घटना के मामले में दर्ज हुआ था केस
- केस में पंद्रह लोगों को नामजद किया गयाा था, आरोप है कि जांच के दौरान 10 लोगों के नाम हटा दिए गए, बचे हुए आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई
- पिछले चार माह में चौकी इंचार्ज से लेकर एसएचओ, डीएसपी व एसपी तक कई बार लगा चुके है गुहार, नहीं हुई कार्रवाई
- विवाद के दौरान नवीन के मुंह पर पंच से किया गया था वार

गांव ब्राह्मण माजरा में चार माह पहले अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ कथित मारपीट और अभद्र भाषा के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंगलवार को समाज के लोगों ने एसपी कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 2 जून को हुई घटना के मामले में केस दर्ज हुआ था। अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों के अनुसार केस में पंद्रह लोगों को नामजद किया गया था। उनका आरोप है कि जांच के दौरान 10 लोगों के नाम हटा दिए गए जबकि बचे आरोपियों की भी गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर वे पिछले चार माह में चौकी इंचार्ज से लेकर एसएचओ, डीएसपी व एसपी तक कई बार मिल चुके हैं। हर बार जल्द कार्रवाई का आश्वासन मिला, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

ट्रेनी आईपीएस शिवम को दोबारा सौंपी जांच

प्रदर्शनकारियों ने गांव के ही अनिल कुमार से मारपीट का आरोप लगाते हुए कहा कि उन पर गोबर जलाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद उनके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़े गए तथा उन्हें अपमानित किया गया। इस मामले में भी शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार एसपी ने सभी शिकायतों पर एक सप्ताह में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिन लोगों को जांच के बाद निर्दोष पाया गया है, उनके संबंध में प्रदर्शनकारियों को आपत्ति है। एसपी ने मामले की दोबारा जांच ट्रेनी आईपीएस अधिकारी शिवम यादव को दी है।

चार माह से कर रहे पुलिस प्रशासन का सहयोग

पुलिस के मुताबिक एक सप्ताह में जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी व्यक्ति के खिलाफ तथ्य सामने आते हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की पहले भी नियमानुसार जांच की गई है। उनका कहना था कि एक पक्ष जांच के नतीजे से असंतुष्ट हो सकता है लेकिन पुलिस ने प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की है। अधिकारी ने यह भी बताया कि इसी विवाद से संबंधित केस को जांच के बाद कैंसिल किया गया है। यदि प्रदर्शनकारियों के पास कोई नए साक्ष्य हैं तो उन्हें भी नई जांच में शामिल किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे चार माह से पुलिस प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों से लगातार मिलते रहे हैं। अब उन्हें एक सप्ताह में कार्रवाई का आश्वासन मिला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में आरोपियों की गिरफ्तारी और अन्य शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी मांग किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशान करने की नहीं बल्कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की है।

नवीन कुमार से जुड़ी शिकायत का उठाया मुद्दा

धरने पर पहुंचे लोगों ने नवीन कुमार से जुड़ी शिकायत का भी मुद्दा उठाया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, विवाद के दौरान नवीन कुमार के मुंह पर लोहे के पंच से वार किया गया था जिससे उसका दांत टूट गया। घटना की वीडियो होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि चार माह पहले शिकायत देने के बावजूद अभी तक इस मामले में केस दर्ज नहीं हुआ।

नशातस्कर से बरामद की 60 लाख की 300 ग्राम हेरोइन



यमुनानगर। में पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी नशातस्कर।

- जिला पुलिस ने एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम को आरोपी को पकड़ने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस द्वारा नशातस्करों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक नशातस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने हेरोइन(नशीले पदार्थ) की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार कर 300 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी मार्केट में कीमत 60 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार एंटी नारकोटिक्स सेल लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने देर रात कार्रवाई करते हुए करीब 60 लाख रुपये कीमत की 300 ग्राम हीरोइन (स्मैक) के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि देर रात एंटी नाकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार को सूचना मिली थी कि यमुनानगर बस स्टैंड के नजदीक ग्रीन पार्क के पास एक युवक नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, मनजीत, रवि दत्त, सोनू व आशीष को शामिल कर जांच टीम का गठन किया गया।

पानीपत से यमुनानगर आया डिलीवरी करने आरोपी

डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी दानिश पानीपत से बस में नशीला पदार्थ लेकर यमुनानगर पहुंचा था। इस दौरान वह बस स्टैंड पर उतरकर यमुनानगर में किसी को इस हीरोइन की डिलीवरी देने की फिराक में खड़ा हुआ था। टीम ने मुखबरी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पहले भी एक मामला नशा तस्करी का दर्ज है जो कोर्ट में विचाराधीन है।

12 वर्षीय बच्ची से गलत काम के प्रयास में आरोपी को 10 साल की कठोर सजा

पानीपत। एडिशनल सेशन जज एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट पीयूष शर्मा की अदालत ने 12 वर्षीय बच्ची से छेड़खानी, हाथ पैर बांधने और गलत काम का प्रयास करने के आरोपी आदेश निवासी गन्नौर, सोनीपत को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 55 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया जो पीड़िता को दिया जाएगा। मामले के अनुसार, 13 दिसंबर 2024 को पानीपत के मॉडल टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर निवासी पीड़ित बच्ची के पिता (मूल निवासी मेरठ, यूपी) जब मंडी सब्जी लेने गए हुए थे, तभी रिश्ते में पीड़िता का जीजा लगने वाला आरोपी आदेश उनके घर पहुंचा। बच्ची को घर में अकेला पाकर आरोपी ने उसके हाथ-पैर बांधने और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। बच्ची के चिल्लाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन में 14 दिसंबर 2024 को केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 दिसंबर 2024 को गोहाना पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया था।

- 13 दिसंबर 2024 को बच्ची के जीजा ने किया था जबरदस्ती का प्रयास

सेक्टर-10 में प्रस्तावित ऑडोटोरियम का विरोध शुरू, लोगों ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

- कहा कम्यूनिटी सेंटर को तोड़कर उसकी जगह ऑडोटोरियम का निर्माण करना पूरी तरह से गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला शहर के सेक्टर-10 स्थित कम्युनिटी सेंटर की जगह 50 करोड़ रुपए की लागत से 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम बनाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को सेक्टर-10 के लोगों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरू वढेरा के नेतृत्व में उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से प्रस्ताव पर दोबारा विचार करने और मौजूदा कम्युनिटी सेंटर को तोड़ने के बजाय उसका उपयोग जारी रखने की मांग की। वढेरा ने कहा कि सेक्टर-10 का कम्युनिटी सेंटर अभी अच्छी स्थिति में है। भवन की लाइफ भी कम से कम 10 से 15 साल और बताई जा रही है। ऐसे में ठीक स्थिति में मौजूद भवन को तोड़कर नया ऑडिटोरियम बनाने का निर्णय समझ से परे है। उन्होंने कहा कि शहर के कई अन्य कम्युनिटी सेंटर जर्जर हालत में है। उन्हें सुधारने की जरूरत है। प्रशासन को पहले उन भवनों की ओर ध्यान देना चाहिए। वढेरा ने कहा कि सेक्टर-10 के लोगों की ओर से यहां 500 सीटों वाले ऑडिटोरियम की कोई मांग नहीं की गई। उनका कहना है कि परियोजना बनने के बाद यहां बड़े कार्यक्रम होंगे और बड़ी संख्या में लोगों के साथ वाहन भी पहुंचेंगे। इससे सेक्टर-10 में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या बढ़ सकती है।चारों तरफ रिहायशी क्षेत्र, सामने मार्केट लोगों के अनुसार कम्युनिटी सेंटर के चारों ओर रिहायशी मकान हैं। सामने मार्केट भी है।

शराब पीकर बाइक चलाने के आरोप में युवक ने एएसआई को मारा थप्पड़

पानीपत। शराब पीकर बाइक चलाने के आरोप में रोकने पर युवक असलम ने एएसआई पवन से हाथापाई कर दी और थप्पड़ मार दिया। पुलिस के अनुसार अल्कोहल मीटर में फूंक मारने को लेकर विवाद हुआ था। पहले एएसआई ने युवक को थप्पड़ मारा, जिसके बाद युवक ने भी थप्पड़ जड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। पुलिसकर्मी की शिकायत पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक चला रहा था। पुलिस ने उसे रोका तो मुंह से शराब की गंध आने पर एल्को सेंसर से जांच के लिए कहा। युवक सेंसर में फूंक मारने के बजाय पुलिसकर्मियों से बहस करने लगा। उसने एएसआई पर गंदे शब्दे बोलने का आरोप लगाया। इसी दौरान युवक ने एएसआई के कंधे पर हाथ मार दिया। गुस्साए एएसआई ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद युवक ने भी एएसआई के मुंह पर चांटा मार दिया। डीएसपी ने बताया कि असलम नाम के युवक को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया गया है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी चेक कराया जा रहा है। मंगलवार शाम संजय चौक पर हुई इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें एएसआई युवक से कसम खाने के लिए कहता सुनाई दे रहा है।

- अल्कोहल मीटर में फूंक मारने को लेकर हुआ विवाद



अंतरराष्ट्रीय टेबल सॉकर गेम में रजत व कांस्य पदक विजेता गुरनूर को सांसद जिंदल ने किया सम्मानित

पिहोवा। पोलैंड में हुई इंटरनेशनल टेबल सॉकर चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीतने पर 11 साल की खिलाड़ी गांव कलसा की गुरनूर कौर को सांसद नवीन जिंदल की ओर से सम्मानित किया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने नन्हीं खिलाड़ी को प्रोत्साहन राशि का चैक सौंपा। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का खेलों के प्रति लगाव होने के चलते वे अपने संसदीय क्षेत्र के हर एक खिलाड़ी की उपलब्धि पर नजर रखते हैं। सांसद का विजन है कि खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के समय मदद की जरूरत होती है। इसलिए वे उन्हें प्रैक्टिस के समय संसाधन और सहायता देने के साथ-साथ जीतने पर प्रोत्साहित करने के लिए भी पुरस्कृत करते हैं। गुरनूर के पिता मदनजीत सिंह और हेडवे वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल हरप्रीत सोढ़ी ने बताया कि गांव कलसा की रहने वाली गुरनूर 11 साल की खिलाड़ी है।

लोन दिलाने का झांसा देकर 16 ग्रामीणों की जमीनें हड़प गए आरोपी, चार केस दर्ज होने के बावजूद नहीं हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जमीन की रजिस्ट्रियों में कथित धोखाधड़ी के चार मामलों में केस दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ितों का गुस्सा फूट पड़ा। जमीन गंवाने का आरोप लगाने वाले दर्जनों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां सभी ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखीं। यहां आए खानपुर ब्राह्मणा के शिव कुमार ने आरोप लगाया कि अलग-अलग गांवों के करीब 16 लोग इस तरह की शिकायत लेकर सामने आए हैं। उनका कहना था कि लोन दिलाने के नाम पर जमीन से जुड़े दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और अंगूठे लगवाए गए और बाद में जमीन की रजिस्ट्री करवा ली गई। शिव कुमार ने आरोप लगाया कि मामले में संदीप गोयल, गौरव गोयल, राजेश और अन्य लोग शामिल हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ मामलों में केस दर्ज होने के बावजूद लंबे समय से कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ितों का आरोप है कि लोन दिलाने का झांसा देकर उनकी जमीनों की रजिस्ट्रियां दूसरे लोगों के नाम करवा ली गईं। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। पीड़ितों ने पुलिस के सामने दावा किया कि कुछ आरोपियों की जमानत याचिकाएं हाईकोर्ट तक से खारिज हो चुकी हैं। इसके बावजूद वे खुले घूम रहे हैं। इ शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि जमीनों की रजिस्ट्रियों, तहसील रिकॉर्ड और संबंधित बैंक खातों की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, एसपी ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

लापता युवक का नहर में मिला शव

कुरुक्षेत्र। जिले के गांव किरमिच के पास मंगलवार को नरवाना बांच (भाखड़ा) नहर से करीब 35 वर्षीय व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान इस्माइलाबाद निवासी बबलू के रूप में हुई है। वह करीब छह दिन पहले घर से बिना बताए निकला था और उसके बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। नहर में शव मिलने की सूचना परिजनों तक पहुंची तो वे मौके पर पहुंचे और शव की पहचान बबलू के रूप में की। बबलू के पिता लाल सिंह ने बताया कि उनका बेटा छह दिन पहले बिना बताए घर से निकल गया था। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। नहर में शव दिखाई देने की सूचना मिलने पर गोताखोर परगट सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकाला। कई दिनों तक पानी में पड़े रहने के कारण शव की हालत काफी खराब हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बबलू किन परिस्थितियों में नहर तक पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई। बबलू तीन बेटियों का पिता था। उसकी मौत की खबर से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

एनएच 344 पर खड़े कंटेनर से टकराया कैंटर, चालक की मौत

यमुनानगर। नेशनल हाइवे 344 पर मंडौली कट के पास बिना रिफ्लेक्टर व इंडिकेटर दिए सड़क किनारे खड़े कंटेनर से कैंटर टकरा गया। हाइसा इतना जबरदस्त था कि कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अकालगढ़ निवासी मोहन उर्फ सोनू ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और अकालगढ़ गांव का पूर्व सरपंच रह चुका है। वर्तमान में वह जगाधरी ब्लॉक के वार्ड नंबर-16 से सदस्य है। तड़के करीब चार बजे वह गांव से सैर करने के लिए एनएच-344 की तरफ गया था। जब वह दुसानी कट से मंडौली कट की तरफ जा रहा था तो जगपाल एंड संस फिलिंग स्टेशन के सामने सड़क के बीच एक कंटेनर खड़ा दिखाई दिया। कंटेनर के पीछे कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत नहीं लगा था और न ही इंडिकेटर जल रहे थे। इसी दौरान औरंगाबाद की तरफ से आ रहा कैंटर सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा टकराया। टक्कर के बाद कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई और कैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से क्षतिग्रस्त कैंटर से चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कैंटर को हाइड्रा की मदद से सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। इसके बाद चालक के शव को एंबुलेंस से मोर्चरी भेजा गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव पत्थरवा निवासी प्रीतम के रूप में हुई। जबकि आरोपी कंटेनर चालक का नाम सोनू निवासी नीधौली कलां, जिला एटा, उत्तर प्रदेश है।

गोवंश संरक्षण के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा संकल्प

336 गोशालाओं में लगाए जा चुके हैं सोलर पैनल: पंवार

नौल्था की लाठे गौशाला के विकास के लिए निजी कोष से 11 लाख रुपये की सहायता की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। कृष्ण लाल पंवार को गौशाला के पदाधिकारी सम्मानित करते हुए।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गोवंश संरक्षण और गोसेवा को केवल धार्मिक आस्था का विषय न मानकर इसे जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था से जोडकर आगे बढ़ा रही है। प्रदेश की गौशालाओं को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लगातार आर्थिक सहायता और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री श्री पंवार ने सोमवार को गांव नौल्था स्थित बाबा लाठे वाले गोशाला के 26 वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने गोशाला के विकास एवं उत्थान के लिए अपने निजी कोष से 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि नौल्था गोशाला के लिए उनके द्वारा अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। प्रदेश की विभिन्न गोशालाओं में पशुओं के बेहतर पालन.पोषण के लिए सरकार द्वारा चारे हेतु करोड़ों रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। सरकार ने बछड़े के लिए 10 रुपयेए गाय के लिए 20 रुपये तथा नंदी के लिए 25 रुपये प्रतिदिन की पालन.पोषण राशि निर्धारित की है। इससे गोशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी।

नंदियों के लिए सुविधाओं पर विशेष जोर

मंत्री ने कहा कि सरकार गोशालाओं को केवल सहायता देने तक सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी उद्देश्य से गोशालाओं में गोबर गैस प्लांट लगाए जा रहे हैं। जिससे गोबर का उपयोग ऊर्जा के रूप में किया जा सकेगा और भविष्य में सस्ती गैस उपलब्ध कराने की संभावनाओं को भी बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 336 गोशालाओं में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। पंवार ने कहा कि प्रदेश में शेड वाली गौशालाओं को भी स्वीकृति दी जा चुकी है तथा नंदियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई पंचायत गौशाला के लिए भूमि खरीदती है तो उसे स्टांप ड्यूटी से छूट और फ्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जाएगी।

न्यूज डायरी

संत निरंकारी संत समागम 23 से 26 तक होगा

करनाल। संत निरंकारी मिशन का 79वां वार्षिक संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित होगा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में होने वाले समागम का इस वर्ष का विषय 'जागृति' रखा गया है। करनाल जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने बताया कि समागम में प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानव एकता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समागम की तैयारियां श्रद्धा और सेवा भावना के साथ जारी हैं। विभिन्न आयु वर्गों के श्रद्धालु आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान और आत्मिक जागृति मनुष्य को प्रेम, सेवा तथा प्रभु-भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

गांवों में जागरूकता अभियान चलाएगी समिति



करनाल। पर्यावरण संरक्षण समिति, करनाल की बैठक में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समिति के चेयरमैन एसडी अरोड़ा ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता जरूरी है। वाइस चेयरमैन राम रतन अत्री ने कहा कि बाल विवाह के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और उनके भविष्य के अवसर सीमित हो जाते हैं। देश के विकास के लिए बाल विवाह की रोकथाम आवश्यक है। समिति ने निर्णय लिया कि करनाल नगर निगम से लगते गांवों की ग्राम सभाओं में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश खन्ना, एसके चावला, अंजु शर्मा, केएल नारंग, डॉ. पहुप सिंह, अनिल अरोड़ा, अर्जुन देव वर्मा, ओपी मदान, कुंदन लाल शर्मा, बाबू राम शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

राजेश दीवान बने भाजपा अर्बन मंडल उपाध्यक्ष



करनाल। भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में अर्बन मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने की, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर मुख्य रूप से मौजूद रहे। संगठनात्मक विषयों के साथ 7 अक्टूबर को होने वाली सेवा संकल्प ज्योति पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने राजेश दीवान को अर्बन मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में मंडल प्रभारी मदन गुर्जर, पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, पार्षद संजीव मेहता, सुनील गोयल, अल्का चौधरी, राजेश गोयल, संजीव बजाज, रमेश गिल, सुरेश जागलान, दल सिंह राणा, वारिशा कंबोज, रवि शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साइकिल से गांव-गांव पहुंचा नशा विरोधी अभियान

करनाल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. जरनैल सहरावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 80 से अधिक छात्राओं तथा 15 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि स्वस्थ और सफल जीवन के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है। नशामुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे परिवार को नशे से दूर रखने में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं।

खेत मजदूरों की मांगों को लेकर दिसंबर में प्रदर्शन



करनाल। भारतीय खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता मांगों को लेकर 1 से 3 दिसंबर तक जिला स्तर पर रोष प्रदर्शन करेंगे और गिरफ्तारियां देंगे। यह निर्णय एमसी कॉलोनी स्थित पीसी जोशी भवन में हुई यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में लिया गया। अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड एन. पेरियासामी ने की, जबकि महासचिव गुलजार सिंह गोरिया ने संचालन किया। पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि खेत मजदूरों को रिहायशी प्लाट, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, भूमि, निशुल्क शिक्षा, चिकित्सा सुविधा और वर्षभर रोजगार जैसी मांगों को लेकर संगठन लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मणिपुर, मध्य प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए।

8वें वेतन आयोग का लाभ पेंशनभोगियों को भी मिले



करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की चिड़ाव इकाई की बैठक जुंडला स्थित प्रजापति धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता खंड प्रधान जगन्नाथ राणा ने की और संचालन खंड सचिव राजपाल शाहपुर ने किया। बैठक में पेंशन वित्त विधेयक वापस लेने सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। जिला प्रधान मास्टर बलराज सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनभोगियों को देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मांग की अनदेखी करना कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि मांगों के समर्थन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी 12 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में शामिल होंगे। बैठक में ईश्वर सिंह, जीत सिंह संधू, फतेह सिंह, डॉ. रणदीप श्योराण, महेंद्र मान, मनोहर लाल मौजूद रहे।

सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप कल से



करनाल। करनाल में 8 से 14 अक्टूबर तक सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप आयोजित होगी। प्रतियोगिता में देशभर की 27 टीमें भाग लेंगी, जबकि ओमान की टीम भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। सभी मुकाबले कैलाश गांव स्थित हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल की देखरेख में होने वाली प्रतियोगिता की जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा तथा प्रबंधन समिति के अंकित बंसल और सजल बंसल ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह 8 अक्टूबर को एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल में होगा। प्रतियोगिता में 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और कुल 57 मुकाबले खेले जाएंगे। मुकाबले सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक होंगे। खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था स्कूल परिसर में की गई है। प्रतियोगिता के संचालन के लिए विभिन्न जिलों से निर्णायक और अंपायर नियुक्त किए गए हैं। जिला खेल विभाग भी आयोजन में सहयोग करेगा।

स्केटर्स ने जीते 8 स्वर्ण, 12 रजत और 14 कांस्य पदक



करनाल। पानीपत में आयोजित हरियाणा राज्य जोनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप जोन-3 में करनाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 12 रजत और 14 कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में करनाल, पानीपत, कैथल, जींद और कुरुक्षेत्र के करीब 225 स्केटर्स ने भाग लिया। स्केटिंग कोच संजय गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सेक्टर-18 पानीपत में हुई। इसमें रिंग रेस-1 और रिंग रेस-2 के मुकाबले कराए गए। करनाल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में वाही सिंह, वरसीरत कौर, कशवी और मनवी ने स्वर्ण पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की। हरप्रीत सिंह और आशुतोष शर्मा सरकारी स्केटिंग कोच के रूप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, जबकि कोच पंकज बत्रा भी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

धान की ढेरियों पर नमी की जांच करवाई

डीसी ने की मंडी में धान खरीद व्यवस्था की जांच

- अधिकारियों को धान के उठान में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। निसिंग अनाज मंडी में धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को निसिंग और जुंडला अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा धान के उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंडियों में धान की ढेरियों पर नमी की जांच करवाई और अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रेशर मीटर के उचित उपयोग पर भी जोर दिया। सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डॉ. शर्मा ने किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों से उनकी समस्याएं जानीं तथा अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से धान अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लाने की अपील की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश सहित अधिकारी, आढ़ती और किसान मौजूद रहे।

नई अनाज मंडी में सरकारी खरीद न होने का आरोप



करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने करनाल की नई अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद नहीं होने का आरोप लगाया है। संगठन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने किसान नेताओं के साथ मंडी का दौरा कर किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया कि कई दिनों से उनकी धान की खरीद नहीं हुई है। बहादुर मैहला बलड़ी के अनुसार, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल कम दाम पर धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी में 14 से 17 प्रतिशत तक नमी वाली धान की ढेरियां भी पड़ी हैं और कई किसान चार से सात दिन से खरीद का इंतजार कर रहे हैं। नलवी कला के किसान प्रताप सिंह ने बताया कि वह चार दिन से मंडी में हैं, जबकि बुढ़नपुर आबाद के किसान बाबूराम ने सात दिन से धान पड़े होने की बात कही। भाकियू ने सरकार और प्रशासन से तत्काल सरकारी खरीद शुरू कराने तथा किसानों को एमएसपी का लाभ दिलाने की मांग की है।

महाविद्यालय में दुल्हन श्रृंगार कार्यशाला



करनाल। कार्यशाला में छात्राओं को दुल्हन श्रृंगार की तकनीक समझाती प्रशिक्षक।

करनाल। केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग की ओर से दुल्हन श्रृंगार विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्रधानाचार्या मीनू शर्मा के संयोजन में हुई कार्यशाला में 'द ग्लैम वर्ल्ड बाय रीना' की रीना ने छात्राओं को दुल्हन श्रृंगार की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। कार्यशाला में छात्राओं को त्वचा की तैयारी, आधार प्रसाधन के प्रयोग, केश सज्जा और त्वचा के प्रकार के अनुसार सौंदर्य उत्पादों के चयन की जानकारी दी गई। साथ ही सौंदर्य क्षेत्र में चल रहे नए रुझानों से भी परिचित कराया गया। छात्राओं ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या मीनू शर्मा ने प्रशिक्षक और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराने में उपयोगी हैं। विभागाध्यक्ष लखविंदर कौर सहित विभाग की प्राध्यापिकाओं ने आयोजन में सहयोग किया।

कचरा अलग रखने पर जोर



करनाल। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम के सभी जोनों में सफाई अभियान जारी है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा के निर्देश पर सफाई शाखा और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम की ओर से नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने नागरिकों से 'मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी' के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान में भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। टीम की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत गीला, सूखा, सैनिटरी तथा घरेलू खतरनाक एवं विशेष कचरा अलग-अलग रखने की जानकारी दी जा रही है। टिप्पर वाहनों में भी गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण कराया जा रहा है। अभियान के दौरान नागरिकों को एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

400 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ में नितिन ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में चल रही दो दिवसीय 22वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन हो गया । इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग प्रभारी अमन मालिक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि के तौर पर इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन व पूर्व बॉक्सर मीनू कुमारी और विशेष अतिथि के रूप मे प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने शिरकत की । समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने की। मुख्य अतिथि मीनू कुमारी ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास विकसित करने का सर्वोत्तम मार्ग हैं। इस मौके पर डॉ सुरेंद्र सिंह, प्रो रणवीर सिंह, प्रो राजकुमार, प्रो अनिल ढिल्लों, प्रो दीपा, प्रो मीरा ,प्रो शालिनी, प्रो डिंपल,डॉ ममता, डॉ एस बी भारद्वाज, डॉ सविता रानी आदि उपस्थित रहें ।

ये रहे परिणाम : 400 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ में नितिन ने प्रथम स्थान, कमल सिंह ने द्वितीय स्थान व हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में रितु ने प्रथम स्थान, निशा ने दूसरा स्थान व काफी तीसरे स्थान पर रही। शॉट पुट पुरुष वर्ग में विशाल ने प्रथम स्थान, कमल सिंह ने द्वितीय स्थान व आयुष तृतीय स्थान पाया।

एफएलएन प्रशिक्षण कार्यशाला का किया निरीक्षण



इंद्री। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में चल रही एफएलएन छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने प्रशिक्षण के सभी बैचों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता, गतिविधियों और उपयोगिता के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर प्रियंका देवी, सुनंदा, सुखविंदर, युगल किशोर, बीआरपी कविता रानी, शैलजा गुप्ता, ललतेश, नीतू कांबोज, निशा, मोनिका, अनुपमा, सविता देवी, बीआरपी रविंद्र व धर्मवीर लठवाल आदि उपस्थित रहें ।

कथित भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर विरोध

निगम के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

- नकली 500-500 रुपये के नोट बरसाकर भ्रष्टाचार का प्रतीकात्मक विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और आम जनता की समस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजत लाठर की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नकली 500-500 रुपये के नोट बरसाकर भ्रष्टाचार का प्रतीकात्मक विरोध किया और पुतला फूंका।

नगर निगम कार्यालय में प्रवेश के प्रयास के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गेट पर रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

पराग गाबा ने प्रॉपर्टी आईडी के मामलों में देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों की फाइलें लंबे समय तक लंबित रहती हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। उन्होंने नगर निगम से जुड़े रिश्वत के मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष रजत लाठर ने विकास कार्यों और प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े मामलों की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स से होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता जरूरी है। प्रदर्शन में पंकज गाबा, जयवीर जून, जगदीप मट्टू, जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, एडवोकेट सुरेश चौधरी, गुरमीत सिंह, राकेश डाकवाला, परवीन पूनिया, जोगा अगी, अमर सिंह रंगा, सपना राणा, रिशा नैन, सुलेखा सैनी, महावीर सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

22 नवंबर को निकलेगा नगर कीर्तन



करनाल। श्री गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 22 नवंबर को नगर कीर्तन और 24 नवंबर को गुरमति समागम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम गुरुद्वारा डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह की अगुवाई में होंगे। कमेटी के प्रधान बीरेंद्र सिंह और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि 22 नवंबर को सुबह 10:30 बजे नगर कीर्तन गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से शुरू होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल रोड, अस्पताल चौक, कुंजपुरा रोड और सब्जी मंडी होते हुए गुरुद्वारा डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट पहुंचेगा। 24 नवंबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तथा शाम 6 से रात 10:30 बजे तक गुरमति समागम होगा। इसमें हजूरी रागी, ढाडी और प्रचारक जत्थे कीर्तन एवं गुरमति विचार प्रस्तुत करेंगे। आयोजन में अटूट लंगर भी बरताया जाएगा।

ग्राम सभा में विद्यार्थियों ने दिखाई नेतृत्व क्षमता

करनाल। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक के दौरान विद्यार्थियों ने आदर्श युवा ग्राम सभा का मंचन किया। कार्यक्रम में जिले के करीब 500 अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यार्थियों की प्रस्तुति देखी। विद्यार्थियों ने सरपंच, पंच और ग्राम सचिव की भूमिका निभाते हुए ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। मंचन के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नागरिक जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की नेतृत्व क्षमता और संवाद शैली देखकर अभिभावकों ने विद्यालय की पहल की सराहना की। प्रधानाचार्य अजीत कुमार और कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ नागरिक मूल्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित कराना था।

पौधारोपण के साथ देखभाल भी जरूरी : रेणु बाला



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का निरंतर अभियान बनाने का आह्वान किया। चंडीगढ़ प्रवास के दौरान महापौर ने प्रसिद्ध जाकिर हुसैन रोज गार्डन में गुलाब का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर देशभर से पहुंचे महापौर भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के बीच पर्यावरण संतुलन बनाए रखना जरूरी है। हरियाली शहरों की सुंदरता बढ़ाने के साथ स्वस्थ जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण के बाद उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी समाज को निभानी होगी। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने और आसपास स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने की अपील की।

टिकैत की जयंती पर किसानों ने किया नमन



करनाल। किसान भवन में भारतीय किसान यूनियन की ओर से स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई गई। किसानों और भाकियू पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान धान खरीद, न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवनभर किसानों के हितों की आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष और योगदान किसान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। पदाधिकारियों ने किसानों से उनके विचारों और नीतियों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान हितों की आवाज मजबूती से उठाना ही टिकैत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर भाकियू उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादियान, प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, रामेश्वर, राजेंद्र मान, सुखबीर सिंह, नफे सिंह, राम नारायण सिंह, राजकुमार नौतना, सोनू निसिंग, योगेश, राहुल, सोल्डी सिंह और सागर शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

खाटू श्याम मंदिर में मनाई इंदिरा एकादशी



करनाल। पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को इंदिरा एकादशी श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाई गई। मंदिर परिसर और बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया गया। सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। एकादशी के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन हुआ और मंदिर कमेटी की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने इंदिरा एकादशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में आती है। भगवान विष्णु की पूजा और पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए इस व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक एकादशी पर मंदिर में भजन-कीर्तन कराया जाता है। इस अवसर पर राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला और हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

18 को मिहिर भोज जयंती समारोह

करनाल। महाराणा प्रताप स्मृति भवन समिति एवं राजपूत सभा, करनाल की ओर से 18 अक्तूबर को क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज जयंती समारोह, मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह और आम सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे संत नगर, रेलवे रोड स्थित राजपूत धर्मशाला में होगा। राजपूत सभा के प्रधान डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह और महासचिव एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि समारोह में प्रतिहार वंश के महान शासक मिहिर भोज के योगदान को याद किया जाएगा। समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा आम सभा में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। सभा पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

सेवा ज्योति यात्रा आज, मनोहर लाल आएंगे



करनाल। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा सेवा ज्योति यात्रा 7 अक्तूबर को निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे एनडीआरआई गेट के पास अग्रसेन चौक से होगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित करने के बाद यात्रा रवाना होगी। यात्रा का समापन मॉडर्न डेयरी सेल काउंटर के पास होगा, जहां मशाल स्थापित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर उपस्थित लोगों को विकसित भारत-2047 का संकल्प दिलाएंगे। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को विद्यार्थियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने बताया कि प्रतिभागी सुबह 8 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक करन गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, अमित कुमार, विजय देशवाल, कुलदीप और कंचनलता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



आईबी कालेज में प्रदूषण जागरूकता प्रतियोगिता

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए द्वितीय वर्ष फंक्शनल इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए बढ़ते प्रदूषण के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से पर्यावरण प्रदूषण कारण, प्रभाव और निवारण विषय पर एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लेकर प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक उन्मूलन, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता पर एक से बढकर एक प्रभावी व प्रेरक नारे तैयार किए।

दूसरे चरण में 3 बैचों में 133 अध्यापक लेंगे प्रशिक्षण

मडलौडा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मडलौडा में छह दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे चरण की आज शुरुआत हुई। इस अवसर पर खंड संयोजक सुमन ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत करते हुए बताया कि दूसरे चरण में तीन बैचों में कुल 133 अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के पहले दिन बालवाटिका 3 इसके बाद दो दिन हिंदी, दो दिन गणित तथा अंतिम दिन अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता का किया आह्वान

नमो सेवा अभियान के तहत मतलौडा में गूंजा सामाजिक जागरूकता का संदेश

जनभागीदारी के बिना किसी भी अभियान को व्यापक स्वरूप देना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। नमो सेवा अभियान में भाग लेते मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज राजकीय महाविद्यालय मतलौडा में नमो सेवा अनकही कहानियां अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव, जनसेवा, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि नुक्कड़ नाटक आमजन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से जटिल विषयों को भी सरल, सहज और मनोरंजक तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, क्योंकि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के बिना किसी भी अभियान को व्यापक स्वरूप देना संभव नहीं है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के साथ.साथ उन्हें सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों ने संवाद, अभिनय और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को सामने रखा तथा दर्शकों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। पंचायत मंत्री ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के माध्यम से दिया गया संदेश लोगों के मन पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करें।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, महाविद्यालय के प्राचार्य, मंडल अध्यक्ष स्टाफ सदस्य विद्यार्थी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक से जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण का दिया संदेश



पानीपत। नमो सेवा अनकही कहानियां अभियान के तहत आज राजकीय हाई स्कूल नूरवाला में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मुख्य अतिथि रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार, जनसेवा, राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का प्रभावशाली संदेश दिया गया। शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया और उनकी प्रस्तुति की सराहना की।

- शिक्षा मंत्री ने राजकीय हाई स्कूल नूरवाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक जैसे सशक्त माध्यम समाज के बीच सीधे संवाद स्थापित करते हैं तथा जटिल विषयों को भी सरल एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवाए सुशासन और जनकल्याण को केंद्र में रखकर अनेक जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। नमो सेवा अनकही कहानियां के माध्यम से ऐसे कार्यों और उनसे जुड़े सकारात्मक बदलावों को रचनात्मक माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोडना समय की आवश्यकता है। कला, संस्कृति और नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यम विद्यार्थियों एवं आमजन में सामाजिक जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, पूर्व मेयर अवनीत कौर, पूर्व डीईओ राकेश बूरा, मुख्याध्यापक विनोद सिंगला, शिक्षा विभाग तथा भाजपा कार्यकर्ता व विद्यार्थी और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



विद्यानंद कॉलोनी में मनाया गया बीएमएस प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम का जन्मदिन

पानीपत। वार्ड 13 विद्यानंद कॉलोनी में आज सोनू शर्मा उग्राखेड़ी के निवास पर ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम का जन्मोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने रोहित गौतम के जन्मदिन पर उन्हें पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा केक काटकर उन्हें बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संजीव भारद्वाज, संजय शर्मा एकता विहार कॉलोनी, रामभेहर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, शिवम शर्मा, विनोद, लोकेंद्र, जोगिंदर शर्मा, कृष्णा, देवेंद्र शर्मा, सोनू, हरि श्याम, चेतन व मनीष शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पूर्वांचल समाज की ट्रेनों के ठहराव को लेकर धरना-प्रदर्शन आज पांचवें दिन भी जारी रहा

पानीपत। पूर्वांचल समाज द्वारा ट्रेनों के ठहराव और यूपी-बिहार के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग को लेकर 2 अक्टूबर से रेलवे स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन आज पांचवे दिन भी जारी रहा। वहीं पूर्वांचल समाज के लोगों की मांगो को लेकर अनेकों संगठन समर्थन देने धरना स्थल पर पहुंच रहे है। आज ब्राहमण समाज के नेता रोहित गौतम, रतन शर्मा, सुधीर शर्मा धरना स्थल पर पहुचकर अपना समर्थन दिया। पार्षद डा. गौरव श्रीवास्तव ने धरना स्थल पर पहुंचकर कहा कि उनकी मांगे जायज है जिन्हे पूरा करवाने के लिए वह भाजपा शीर्ष नेतृत्व से बात चीत कर रहे है। कुछ लोग इसकी आड में राजनीति कर रहे है, जो गलत है। यह हमारी सामाजिक लड़ाई है। वहीं पूर्व पार्षद अवधेश यादव ने मांग की कि गरीब रथ एक्सप्रेस का पानीपत जंक्शन पर स्थायी ठहराव किया जाए।



यूपीएससी में 137वीं रैंक हासिल करने वाली मानसी डागर का सम्मान

समालखा। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 137वीं रैंक हासिल कर आईपीएस के लिए चयनित हुईं गांव बागड़ निवासी मानसी डागर का आज सेक्टर 23 स्थित निवास पर सम्मान किया गया। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सफलता की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मानसी डागर के पिता राजीव डागर और माता ज्योति डागर हैं। सम्मान समारोह में मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत, सेवानिवृत्त कर्नल धर्मवीर लाकड़ा, राजपाल गुलिया, अशोक खत्री, प्रो.वीरेंद्र, सोनू समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। धर्मवीर लाकड़ा ने कहा कि मानसी ने मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल की है।

आशा वर्कर्स ने किया किया प्रदर्शन



पानीपत। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित मजदूर संगठन सीटू जिला कमेटी के नेतृत्व में आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यालय लघु सचिवालय और पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज के जीटी रोड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए लिखित ज्ञापन पत्र दिए। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान बंटी, जिला सचिव सुशील, उप प्रधान सुनीता, पानीपत अर्बन से लक्ष्मी, सीटू जिला सहसंयोजक जय भगवान ने किया।



एसडीवीएम हुडा की उर्मिला वर्मा ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

पानीपत। एसडी विद्या मंदिर हुडा की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा उर्मिला वर्मा ने हरियाणा स्टेट वाडो कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता माउंट आबू स्कूल अंसल सुशांत सिटी पानीपत में आयोजित की गई। उर्मिला ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और शिक्षकों द्वारा किए गए मार्गदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया है। अब वह दिसंबर 2026 में कोलकाता में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। उर्मिला की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.अनु गुप्ता ने उसे बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफल होने की शुभकामनाएं दीं।

कक्षा 10 के टॉपर्स को मेडल व नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित



पानीपत। लायंस फाउंडेशन इंडिया की ओर से पाइट संस्कृति स्कूल में कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विनय गर्ग ने विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए। स्कूल प्रबंधन ने गौरांश वासन, विराग गोयल और आदित्य बिंदल को 5-5 हजार रुपये तथा शुभी कुमार को 3 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया। शीतल दास फाउंडेशन की ओर से कपिल जैन ने 11वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने का वादा किया।

प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी

पानीपत। राजकीय महाविद्यालय बापौली में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नमो सेवा अनकही कहानियाँ थीम पर आधारित एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक का मंचन नीरज एवं सहयोगी टीम ने किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक सेवा में बिताए गए सफल 25 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

बेदखली सूचना

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री चरण सिंह निवासी मकान नं.1154, नलवा बस्ती, उझा, रिसालू, पानीपत, हाल निवासी उग्रा खेडी, सरकारी कालोनी, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र सचिन जोकि अविवाहित है मेरे व हमारे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। व लडाई झगडा करता है। इसलिए मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके साथ लेन-देन करने वाला व संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसके बाद मेरी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

शपथकर्ता

श्री कृष्णा क्लब का दो दिवसीय भव्य दशहरा महोत्सव 19 व 20 को

- 90 फीट के रावण और 85-85 फीट के कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले होंगे आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री कृष्णा क्लब के पदाधिकारी।

श्री कृष्णा क्लब द्वारा भव्य दो दिवसीय दशहरा महोत्सव का आयोजन 19 एवं 20 अक्टूबर को दशहरा ग्राउंड सेक्टर 24, हुड्डा में किया जाएगा। क्लब की ओर से अजय सिंगला, प्रधान वीरेंद्र गुप्ता एवं क्लब मैनेजर पुनीत बतरा ने दशहरा महोत्सव की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। क्लब के सभी सदस्यों की अलग-अलग व्यवस्थाओं में ड्यूटियां लगा दी गई हैं। इस बार 90 फुट का रावण, 85-85 फीट के कुंभकरण और मेघनाथ के तैयार किए जा रहे हैं। दशहरा महोत्सव का शुभारंभ 19 अक्टूबर को सायं 5 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। सायं 7 बजे भजन गायक टोली द्वारा सुंदरकांड की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 8:30 बजे लंका दहन होगा तथा इसके तुरंत बाद 8:40 बजे विशेष लाइटिंग एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से गणेश वंदना होगी और श्रद्धालु सायं 3 बजे तक गणेश स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। इस वर्ष दशहरा महोत्सव का प्रमुख आकर्षण सायं 5:40 बजे होने वाली सामूहिक प्रार्थना रहेगी। हजारों श्रद्धालु एक साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आराधना करते हुए अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना करेंगे। श्री कृष्णा क्लब ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वे अपनी आस्था, मनोकामना एवं मन्नत के साथ सामूहिक प्रार्थना में अवश्य उपस्थित हों। इस अवसर पर पंकज गुलियानी, संदीप भोकर, महेश नारंग, सतीश ढींगरा, कमल दुआ व दीपक लूथरा आदि मौजूद रहे।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग हुए रूबरू



पानीपत। केंद्र एवं राज्य सरकार की अनूठी पहल के तहत आज जिले में नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों एवं प्रभावशाली कहानियों के जरिए आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना तथा उन्हें इनके प्रति जागरूक करना सामूहिक जिम्मेदारी है। राजकीय मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल माडल टाऊन में विधायक पानीपत शहरी प्रमोद विज ने आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि नुक्कड नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा दिए गए संदेश प्रभावशाली हैं। इसमें मनरोंजक तरीके से योजनाओं को आमजन तक पहुचाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष भाजपा दुष्यंत भट्ट ने आर्य कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सरकार का उदेश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुचाना है। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक को दर्शकों ने मन लगा कर देखा और सरकार की योजनाओं को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से आमजन तक पहुंचाने की इस पहल की सराहना की। सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने एसडी विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में अच्छा संदेश देते है। यह एक प्रभावी माध्यम भी है।

श्री राम धर्मशाला नूरवाला में रामलीला का मंचन 8 से 21 तक : छौक्करा

पानीपत। श्री राम सेवा दल नूरवाला का 55वां वार्षिक भव्य महोत्सव 8 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिसमें श्री राम नाटक क्लब द्वारा श्री राम लीला का मंचन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महासचिव गौरव छौक्करा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे किया जाएगा। जिसमें पूजन एवं ध्वजारोहण मुख्य अतिथि राजकुमार डुमड़ा व युगल डुमड़ा द्वारा किया जाएगा। जबकि श्री रामलीला मंचन का उद्घाटन रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि प्रवीण ढींगड़ा व शिक्षा मंत्री महीपाल ढांड के बड़े भाई हरपाल ढांडा द्वारा किया जाएगा। श्री राम लीला का मंचन श्री राम धर्मशाला में होगा। गौरव छौक्करा ने बताया कि हर रोज रामलीला मंचन के तहत रात्रि 9:30 बजे उद्घाटन समारोह के दिन 8 अक्टूबर को भक्त की पुकार का मंचन, 9 को श्री राम जन्म, 10 को ताडका वध होगा।



एआई स्मार्टफोन ने नोवा और पल्स सीरीज की बिग बिलियन डेज कीमतें घोषित

पानीपत। एआई स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2026 के लिए नोवा और पल्स सीरीज की विशेष कीमतों की घोषणा की है। सीरीज की शुरुआती कीमत 8,999 रुपये रखी गई है। कंपनी के अनुसार फोन में लंबी बैटरी, एआई कैमरा, सुचारु डिस्प्ले और आधुनिक प्रोसेसर जैसी सुविधाएं दी गई हैं। पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी, नोवा 2 अल्ट्रा 5जी और नोवाफ्लिप 5जी प्रमुख मॉडल हैं। इनकी कीमतें 8,999 रुपये से 49,999 रुपये तक हैं। ऑफर बैंक ऑफर सहित और सीमित अवधि के लिए उपलब्ध हैं।

रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेश किया लिमिटेड एडिशन स्नीकर

पानीपत। रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने चूज बोल्ड अभियान के तहत भारतीय स्ट्रीटवियर ब्रांड गली लैब्स के साथ मिलकर सीमित संस्करण का स्नीकर पेश किया है। यह साझेदारी युवाओं की स्ट्रीट संस्कृति और अपनी अलग पहचान बनाने की भावना को दर्शाती है। डियाजियो इंडिया की विपणन उपाध्यक्ष आनंदिता दत्ता ने कहा कि चूज बोल्ड का उद्देश्य युवाओं को अपनी पहचान और राह खुद चुनने के लिए प्रेरित करना है। इस सहयोग में क्रिकेट और ई.स्पोर्ट्स सहित युवा संस्कृति से जुड़े क्षेत्रों को भी जोड़ा गया है। स्नीकर डिजाइन भारतीय संदर्भों, स्ट्रीट संस्कृति और रचनात्मकता से प्रेरित है। इस अभियान में वरुण सूद और करण टैकर भी जुड़े हैं।

एसडी कालेज की पायल ने शाट पुट में जीता स्वर्ण



पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा एवं एथलीट पायल ने द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 39वीं जूनियर स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में शॉट पुट में 15.10 मीटर की दूरी तक गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता और नया कीर्तिमान स्थापित किया। पायल को हरियाणा राज्य चैंपियन के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया तथा उसका चयन तमिलनाडु में होने वाली नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए हुआ है। आज कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो.नीलम, प्रो.पूजा, प्रो.आनंद और ग्राउंड्समैन प्रताप ने पायल का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि पायल की उपलब्धि से कॉलेज की छात्राओं को खेलों में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी।

महिला आईटीआई में स्वास्थ्य जांच शिविर

समालखा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.रिंकू ने अपनी टीम के साथ आईटीआई की 45 छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा गया व स्वस्थ रहने के नियमों के बारे में बताया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता आशा वर्मा भी उपस्थित रहीं।



समालखा। स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल होती छात्राएं व चिकित्सक।

बाहरी कॉलोनियों व औद्योगिक क्षेत्रों के नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : कोमल सैनी

पानीपत नगर निगम की सीमा विस्तार की तैयारी, मेयर ने पार्षदों व अधिकारियों संग की बैठक, मांगी सर्वे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पार्षदों व अधिकारियों के साथ बैठक करती मेयर कोमल सैनी।

पानीपत शहर के चौमुखी विकास और तेजी से बढ़ती आबादी को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम की निर्धारित सीमा का विस्तार करने की कवायद तेज हो गई है। आज मेयर कार्यालय में नगर निगम की मेयर कोमल सैनी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम के पार्षदों के अलावा जिला नगर योजनाकार एवं योजनाकार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मेयर कोमल सैनी ने पानीपत शहर की भौगोलिक सीमा के विस्तार, बाहरी कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आगामी 20 वर्षों के सुनियोजित विकास के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। मेयर ने उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति व सीमावर्ती इलाकों की प्राथमिकताओं को लेकर सुझाव मांगे। इसके साथ ही योजनाकार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीमा विस्तार से संबंधित सभी तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करें।

मेयर कोमल सैनी ने कहा कि पानीपत एक अंतरराष्ट्रीय टेक्सटाइल हब और तेजी से बढ़ता हुआ औद्योगिक शहर है। मेयर ने आगे स्पष्ट किया कि योजनाकार विभाग की सर्वे रिपोर्ट आते ही इसे नगर निगम हाउस की बैठक में पारित कराया जाएगा और अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में निगम अधिकारियों ने मेयर को आश्वस्त किया कि सीमा विस्तार के तकनीकी मापदंडों का त्वरित सर्वे कर जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी।

मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना लक्ष्य

पिछले कुछ वर्षों में शहर के चारों ओर रिहायशी और कमर्शियल कॉलोनियों का दायरा बहुत तेजी से बढ़ा है, लेकिन निगम सीमा से बाहर होने के कारण वहां के निवासियों को कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। हमारा लक्ष्य केवल कागजी सीमा बढ़ाना नहीं, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले हर नागरिक को स्वच्छ पानी, पक्की सड़कें, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और डोर-टू-डोर कूड़ा उठान जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना है।

मतलौडा में जैन संत की 30 वें दिन भी तपस्या जारी

मतलौडा। प्रभु महावीर के संत सेनानी, संघशास्ता गुरुदेव सुदर्शन लालजी महाराज के शिष्य एवं संघसंचालक गुरुदेव नरेशचंद्र महाराज के आज्ञानुवर्ती गुरुदेव श्रीनरेंद्रमुनिजी महाराज के सान्निध्य में मतलौडा में पावन चातुर्मास चल रहा है। इसी दौरान तपोकीर्तिमान जैन संत श्री अखिलमुनि महाराज की अनशन साधना निरंतर जारी है। उन्होंने 8 सितंबर 2026 से अनशन साधना शुरू की थी और अब यह तपस्या 30वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। बताया जा रहा है कि मुनिश्री ने करीब 18 वर्ष की आयु में जैन दीक्षा ग्रहण की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने आयंबिल तप का मासखमणए 2019 में अठाई तपए वर्ष 2020 में 11 आयंबिलए 2021 में अठाई तपए 2023 में 11 व्रत तथा वर्ष 2025 में 15 व्रत किए। जैन जगत के प्रसिद्ध संत के रूप में उनकी तप-साधना लगातार गतिमान है।



खबर संक्षेप

ज्योति यात्रा को को लेकर दिए निर्देश

अंबाला। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग ने मंगलवार को सभी उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प सभा सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अपने कार्यालय स्थित सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला में 7 अक्तूबर को प्रस्तावित सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

भरेड़ी खुर्द में लगा सेवा सेतु शिविर

नारायणगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव भरेड़ी खुर्द में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने और पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

छीना झपटी के मामले में दो दोषियों को 5-5 वर्ष की सजा

अंबाला। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप मित्तल की अदालत ने थाना महेश नगर में दर्ज हुए मुकदमें के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस की मजबूत और प्रभावी पैरवी के चलते मुजरिमों को उनके जुर्म की सजा मिली है। दरअसल पुलिस ने दुखेड़ी गांव के रहने वाले रमेश कुमार उर्फ ईश्वर व रतनहेड़ी गांव के गुरदीप सिंह उर्फ दीपा के खिलाफ धारा 379- ए के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए। परिवादी की ओर से भी आरोपियों के खिलाफ ठोक कर गवाही दी गई थी।

अंबाला में कल निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

अंबाला। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार 7 अक्तूबर को जिलास्तर पर सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन अंबाला शहर में प्रातः 8:30 बजे किया जाएगा। इसमें ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अंबाला छावनी से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अग्रवाल धर्मशाला से प्रात 8 बजे अंबाला शहर रवाना होंगे। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

निरोगी काया के लिए योग अपनाएं

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिले के नागरिकों को स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने के लिए आयुष सेवाओं एवं योग गतिविधियों से जोड़ा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन का आमजन को स्वास्थ बनाएं रखने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में आयुष विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डीसी ने की कार्यक्रमों की समीक्षा

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं, योजनाओं एवं विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर आमजन से जुड़ा विभाग है, इसलिए नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

रक्तदाता को ऊर्जा मंत्री ने अपने स्वैच्छिक कोष से 1100-1100 रुपए देने की घोषणा की

यहां रक्त देने वाले लाइनें लगाकर तैयार, 233 ने किया रक्तदान: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाते ऊर्जा मंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में स्वच्छ 25 वर्ष लगातार पूरे होने के उपलक्ष्य में सारे देश में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को फारूखा खालसा स्कूल में भाजपा अंबाला छावनी के सदर और शास्त्री मंडल द्वारा मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 233 लोगों ने रक्तदान किया। विज ने प्रत्येक रक्तदाता को अपने स्वैच्छिक कोष से 1100-1100 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेगा रक्तदान शिविर में रक्त देने वाले लाइन लगाकर खड़े हैं जबकि रक्त लेने वालों की कमी हो रही है। उन्होंने कहा हमारे चार मंडल हैं। हमने 400 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य दिया था। उमड़ी भीड़ से अंदाजा है कि हम अपने लक्ष्य से भी आगे निकल जाएंगे। हमारे ग्रामीण और महेशनगर मंडल का रक्तदान शिविर लग चुका है। शास्त्री और सदर मंडल का मेगा रक्तदान शिविर लगा है जोकि पूरी तरह से भरा हुआ है। विज ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत अनेकों कार्यक्रम किए गए हैं। हर स्कूल, हर आंगनवाडी पर जाया गया है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर सभी जगह दिए जलाए गए हैं। सुभाष पार्क में इस अवसर पर बड़ा कार्यक्रम किया गया था। इसी प्रकार सेवा के अन्य प्रकल्प जिनमें मेडिकल चेकअप कैंप, रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर तक होंगे। इससे पहले रक्तदान शिविर में पहुंचे ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए प्रोत्साहित किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल, विपिन खन्ना, राजीव गुप्ता, राज कुमार, प्रमोद लक्की, सन्नी तुली, राजू बाली, आरती सहगल, शशि लोगिंया, गौरव सैनी, बलकेश वत्स, रमन छतवाल, परमिंद्र सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल, फकीरचंद सैनी, अनुज यादव भी मौजूद रहे।

बरवाला में सेवा सेतु शिविर में 312 पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण

पंचकूला। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने आज सामुदायिक केंद्र, बरवाला में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने सामुदायिक केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर ब्लाक समिति बरवाला के चैयरमेन श्री राजीव राठौड, बरवाला के सरपंच श्री ओम राणा, मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी श्री विशाल पराशर, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री विशाल सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। श्री गुप्ता ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक उनके घर-द्वार के नजदीक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीकरण कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएं, ताकि उन्हें बिना अनावश्यक देरी के योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि वैध परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) वाले कुल 312 पात्र लाभार्थियों का सेवा सेतु पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया। पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई। श्री गुप्ता ने कहा कि सेवा सेतु शिविर सरकार और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इन शिविरों के जरिए प्रयास किया जा रहा है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित, पारदर्शी और सरल तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया की शिविर में नागरिकों को विभिन्न विभागों की स्वरोजगार, ऋण, अनुदान, सब्सिडी एवं कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सेवा सेतु शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत



मुलाना। रामलीला शुभारंभ के दौरान मौजूद आयोजक। फोटो : हरिभूमि

रामलीला धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

श्रीरामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा 49वीं रामलीला मंचन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता नरेंद्र बिल्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। रामलीला मंचन के शुभारंभ अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा रावण-वेदवती संवाद तथा श्रवण कुमार का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बिल्मा ने कहा कि रामलीला हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ये रहे मौजूद

इस दौरान श्रीरामा ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य कर्ण राणा, अनिल सैनी, जय भगवान शर्मा, महीपाल, गुरमीत, शाकी, पवन, शिवचरण, नेत्रपाल, वीरभान, जीवन सहगल, नरदेव, यशपाल, रामपाल, अश्वनी व जीवन भी मौजूद रहे।

साइप्रस भेजने का झांसा देकर पांच लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

अंबाला। साइप्रस भेजने का झांसा देकर 5 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने एक महिला एजेंट सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में मकान मालिक, लुधियाना की रहने वाली महिला एजेंट और उसका रिश्तेदार शामिल हैं। पुलिस को दी शिकायत में पंजैल गांव (थाना साहा) के मोहित ने बताया कि वह मजदूरी करता है और विदेश जाना चाहता था। 8 जून को वह अपने साथी शैंकी निवासी वजीदपुर और अमित व सोमपाल के साथ मानव चौक स्थित जेके ओवरसीज के कार्यालय गया था। कार्यालय में सौंडा के बलजीत सिंह, लुधियाना की महिला एजेंट कमलजीत कौर और उसका रिश्तेदार रमनदीप मौजूद थे। मोहित के अनुसार, बातचीत तय होने के बाद एजेंट कमलजीत कौर के कहने पर और उसके सामने उसने 4 लाख रुपये और शैंकी ने 1 लाख रुपये (कुल 5 लाख रुपये) आरोपी बलजीत सिंह को सौंप दिए।

वार्ड 15 में गली निर्माण कार्य शुरू खस्ताहाल रास्ते से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन रजत मलिक।

वार्ड नंबर 15 के लोगों को लंबे समय से खस्ताहाल गली की समस्या से जल्द निजात मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड सदस्य विजय छाबड़ा की मौजूदगी में नारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए चेयरमैन और सदस्य का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड का समान रूप से विकास करवाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। लोगों को बेहतर सड़क, गलियों और पानी की निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वार्ड सदस्य विजय छाबड़ा ने बताया कि इस गली के निर्माण की मांग वार्डवासी लंबे समय से कर रहे थे।

एकम न्यास की नई कार्यकारिणी का ऐलान, दीपक बने प्रधान

- नए प्रकल्पों के लिए भी सभी नए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सामाजिक संस्था के सहमति से चुने गए पदाधिकारी।

समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय एकम न्यास की नई कार्यकारिणी एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों के लिए प्रोजेक्ट टीमों की घोषणा की गई। संस्था के ट्रस्टी एवं संरक्षक ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुए संस्था की सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक रूप से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी। नई कार्यकारिणी में दीपक गोयल को प्रधान, विपिन आनंद को सचिव, मनीष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, राजीव गर्ग को सह-कोषाध्यक्ष, अर्पित अग्रवाल को मीडिया प्रभारी, पूनम जिंदल को महिला प्रधान तथा अर्शित जिंदल को युवा प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। पवन शर्मा एवं अमित चन्ना एडवाइजर के रूप में संस्था को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

संस्था के ट्रस्टी मुकेश जिंदल, राकेश बग्गा, विकास राजपूत, तजिंदर मल्होत्रा एवं अरुण मेहंदीरत्ता तथा संरक्षक सुशील गुप्ता, कुलभूषण गोयल एवं श्री पवन गुप्ता शामिल हैं। नई कार्यकारिणी के साथ-साथ संस्था के विभिन्न सेवा प्रकल्पों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रोजेक्ट टीमों की भी घोषणा की गई।

अपनी रसोई प्रकल्प की जिम्मेदारी राजेश अग्रवाल, राजीव गर्ग, रोबिन जिंदल एवं संदीप जॉली को दी गई। इसी प्रकार बुक बैंक प्रकल्प में विक्की सहगल, अमित शर्मा, धर्म पाल एवं परवीन मेहता तथा आत्मरक्षा प्रोजेक्ट में मोहित धीमान, रोबिन जिंदल, गगन अग्रवाल एवं रोहित अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई।

ये रहे मौजूद

जरूरतमंद कन्याओं के विवाह प्रकल्प में अमित चन्ना, मनोज कांत, राजीव गर्ग, दिनेश सिंगला, अंकुर गोयल, नीरज अग्रवाल एवं संदीप अरोड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई। ब्लड बैंक प्रकल्प की जिम्मेदारी पवन शर्मा, मोहित धीमान, अमित चन्ना, अर्पित अग्रवाल एवं महेश गर्ग को दी गई। नेत्र जांच प्रकल्प में मनीष अग्रवाल, पवन शर्मा, राजेश अग्रवाल एवं भारती खन्ना को जिम्मेदारी दी गई।

विवाहिता ने ससुरालियों पर दो करोड़ रुपये मांगने का लगाया आरोप

- पुलिस ने पति समेत दूसरे ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्लॉट की मांग भी करते थे

विवाहिता ने शिकायत में आरोप लगाया कि ससुराल वाले उससे प्लॉट की मांग भी करते थे। इसके लिए उसकी मां को मायके से बुलाकर परेशान किया जाता था। उसने ससुर राजपाल सिंह पर भी इसमें शामिल होने का आरोप लगाया है। वहीं, शादी के समय मायके वालों की ओर से दिए गए पैसों में से ससुर द्वारा उसके बैंक खाते से पैसे निकालने का आरोप भी लगाया गया है। विवाहिता ने दावा किया कि बैंक स्टेटमेंट में इसका पता चला।

महावीर नगर की रहने वाले एक महिला ने ने पति, सास और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और धमकाने के आरोप लगाए हैं। विवाहिता सिमरनप्रीत कौर की शिकायत पर पुलिस ने पति रमदीप सिंह, ससुर राजपाल सिंह और सास राजवंत कौर के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में विवाहिता ने पति पर कनाडा में घर लेने के नाम पर 2 करोड़ रुपए मांगने का आरोप लगाया है। विवाहिता के अनुसार उसकी शादी 29 जनवरी 2023 को सिख रीति-रिवाज से महावीर नगर के रमदीप सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के अगले ही दिन से पति ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बाद में उसे पता चला कि पति कोई काम नहीं करता और घर पर ही रहता है। उसने शुरुआत में इसकी जानकारी अपने मायके वालों को नहीं दी। शिकायत के मुताबिक कुछ समय बाद ससुराल वाले उससे पैसों की मांग करने लगे। पैसे नहीं होने की बात कहने पर उसे मायके से पैसे लाने के लिए दबाव बनाया जाता था। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर पति और ससुराल वाले गाली-गलौज करते और मायके वालों के बारे में भी अपशब्द कहते थे।

धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को परेशानी न हो

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में धान खरीद को लेकर मार्केट कमेटी के अधिकारियों, धान खरीद एजेंसियों तथा किसान संगठन प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीद सीजन के दौरान किसानों को मंडियों में उपलब्ध करवायी जा रही सुविधाओं, फसल की खरीद, उठान, भुगतान तथा मंडी व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाये, ताकि किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने से लेकर उसकी बिक्री तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है और खरीद सीजन के दौरान मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जानी चाहिए।

कानूनी शिक्षा, शोध व अकादमिक नेतृत्व को नई दिशा देतीं प्रो. (डॉ.) वंदना अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के विधि विभाग की अध्यक्ष एवं प्रोफेसर तथा विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) वंदना अरोड़ा ने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे अकादमिक अनुभव, शोध और संस्थागत नेतृत्व के माध्यम से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। पंजाब विश्वविद्यालय में 25 से अधिक वर्षों की निरंतर शैक्षणिक सेवा के दौरान उन्होंने अध्यापन के साथ-साथ शैक्षणिक प्रशासन, शोध निर्देशन, नीतिगत परामर्श और संस्थागत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका नेतृत्व केवल विभागीय प्रशासन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने कानूनी शिक्षा को समकालीन चुनौतियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। संवैधानिक एवं प्रशासनिक कानून, आपराधिक कानून, निगमित एवं वाणिज्यिक कानून, मानवाधिकार, उपभोक्ता संरक्षण तथा शासन जैसे क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता ने उनके अकादमिक कार्य को व्यापक आयाम दिया है। प्रो. अरोड़ा ने शोध के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने 10 पीएच.डी. शोध प्रबंधों तथा लगभग 70 एल.एल.एम. शोध-प्रबंधों का मार्गदर्शन किया है। उनके शोध एवं लेखन में उपभोक्ता संरक्षण, संसदीय एवं कार्यपालिका संबंधी विधि-निर्माण, निगमित शासन, लैंगिक विविधता, साइबर सुरक्षा, समान नागरिक संहिता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और न्यायिक निर्णय प्रक्रिया जैसे समकालीन विषय शामिल हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानून जैसे उभरते क्षेत्र में उनका अकादमिक कार्य यह दर्शाता है कि वे कानूनी शिक्षा को तकनीकी बदलावों के साथ जोड़ने की आवश्यकता को समझती हैं। उनकी पुस्तक "कानून में कृत्रिम बुद्धिमत्ता : नैतिकता, विनियमन और नवाचार" इसी दिशा में उनके अकादमिक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।

धूलकोट हादसा: सात मजदूरों की मौत मामले में सभी आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव धूलकोट में हुए दर्दनाक हादसे में सात मजदूरों की मौत के मामले में अंबाला की अदालत ने आरोपियों को बड़ा झटका दिया है। एडीजे हितेश गर्ग की अदालत ने प्रॉपर्टी कारोबारी हरदीप जग्गी, सर्वजोत जग्गी और सिमर जोत जग्गी समेत मामले में नामजद सभी आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष हादसे से जुड़े तथ्यों और आरोपियों की भूमिका को लेकर अपनी दलीलें रखीं। वहीं, आरोपियों की ओर से अग्रिम जमानत दिए जाने की मांग की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें कि इससे पहले अदालत ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 6 अक्तूबर तक रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा कि पुलिस अभी मामले में जांच कर रही है। ऐसे में आरोपियों को जमानत देना जल्दबाजी होगी। बताया जा रहा है कि धूलकोट में हुए हादसे में सात मजदूरों की जान चली गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हादसे के बाद सुरक्षा मानकों और जिम्मेदारी को लेकर भी कई सवाल उठे थे। अदालत के इस फैसले के बाद अब मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। पुलिस की आगामी कार्रवाई और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज होने के बाद धूलकोट हादसा मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

एसडीएम बोले- सक्षम लोग व सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए आगे आएं

रोटरी क्लब ने 28 जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग और स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



विद्यार्थियों को स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित करते एसडीएम व अन्य।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रेमनगर उगाला में मंगलवार को रोटरी क्लब की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम में एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि बीईओ जगदीश मेहरा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। रोटरी क्लब के प्रधान बलकार सिंह कंबोज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल के 28 विद्यार्थियों को स्कूल बैग के साथ आवश्यक स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई। बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए एसडीएम ने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सक्षम लोगों और सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर ऐसे बच्चों की मदद करनी चाहिए, ताकि उन्हें शिक्षा के लिए जरूरी संसाधनों के अभाव का सामना न करना पड़े।उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल अध्यापक हर्ष चौहान, उपप्रधान पूर्ण छाबड़ा, आईपीपी हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष दिलप्रीत सिंह, राजकुमार सांगवान, सचिव साहिल वर्मा, गुरदीप सिंह, रघुबीर सिंह, रणजीत सिंह, गुणविंदर सिंह, जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे।